शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
Directorate of Education, GNCT of Delhi

अभ्यास प्रश्नपत्र (द्वितीय सत्र)

कक्षा – X

हिंदी 'अ' (कोड: 002)

निर्धारित समय: 2 **घंटे** **पूर्णांक**: 40

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - 'क' और 'ख'।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए।
3. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।
4. खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।
5. खंड 'ख' में कुल 4 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

	खंड – क **खंड 'क' पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक**	**20 अंक**
प्र. स. 1	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 - 30 शब्दों में लिखिए -	(2x4) = **8 अंक**
क	फ़ादर की उपस्थिति लेखक को देवदार की छाया की भाँति क्यों लगती थी? पाठ के आधर पर सिद्ध कीजिए।	
ख	मानवीय करुणा की दिव्य चमक पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के की जो छवि उभरती है उसका वर्णन कीजिए।	
ग	लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?	
घ	बिना विचार, घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है। यशपाल के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं?	
प्र. स. 2	निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25 - 30 शब्दों में लिखिए -	(2x3) = **6 अंक**
क	कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर 'गरजने' के लिए कहता है, क्यों?	
ख	'उत्साह' कविता के आधार पर बादल आने से पूर्व प्राणियों की मनोदशा का चित्रण कीजिए।	
ग	'अट नहीं रही है'' कविता के आधार पर फागुन में उमड़े प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।	
घ	आपके विचार से माँ ने ऐसा क्यों कहा कि लड़की होना पर लड़की जैसा मत दिखाई देना?	

प्र. स. 3	निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए -	(3x2) = **6 अंक**
क	आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?	
ख	सरकारी तंत्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता या बदहवासी दिखाई देती है वह उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है?	
ग	गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया?	
	खंड- ख **रचनात्मक लेखन**	**20 अंक**
प्र. स. 4	निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -	(1x5) = **5 अंक**
	(क) सबसे प्यारा देश हमारा - संकेत बिंदु - भौगोलिक स्थिति प्राकृतिक सौंदर्य विविधता में एकता की भावना अत्यंत प्राचीन संस्कृति। (ख) कोरोना (कोविड -19) काल में शिक्षा का बदलता स्वरूप - संकेत बिंदु - भूमिका, शिक्षा के नए स्वरूप तकनीकी माध्यमों की उपयोगिता प्रभाव व परिणाम (ग) नर हो न निराश करो मन को संकेत बिंदु - आत्मविश्वास और सफलता आशा से संघर्ष में विजय कुछ भी असंभव नहीं महापुरुषों की सफलता का आधार	
प्र. स. 5	कोरोना नियमों की अवहेलना की शिकायत करते हुए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी को पत्र लिखिए। अथवा ऑनलाइन कक्षा में आ रही कठिनाइयों का वर्णन करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।	(1x5) **= 5 अंक**

प्र. स. 6	(1) विद्यालय में प्रस्तावित पुस्तक मेला के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। अथवा जल संरक्षण के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2) अपने दो कमरे के खाली फ़्लैट को किराए पर देने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। अथवा कोरोना से बचाव के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।	(2x2.5) = **5 अंक**
प्र. स. 7	(1) राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। अथवा अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटे भाई को बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए । (2) अपने चाचा को शादी की सालगिरह की शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए । अथवा कोरोना से बीमार अपने मित्र को शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए ।	(2x2.5) = **5 अंक**